# कानून व्यवस्था और सुरक्षा को और प्रभावी बनाया जाएगा : एपी सिंह

## पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिह ने शहरवासियों से कैमरे लगाने की अपील की गई

नवभारत न्यूज

**मैहर 18 सितम्बर। नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिह ने आज पहली बार पत्रकारों से सौहार्दपूणह मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नगर की कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए कई सुझाव साझा किए। उन्होंने कहा कि मैहर तीर्थनगरी है यहां देशभर से श्रद्धालु आते हैं ऐसे में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने विशेष अपील करते हुए कहा कि शहर के सभी बड़े प्रतिष्ठान, दुकानदार एवं व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाएं और विशेष रूप से रोड साइड कैमरे अवश्य स्थापित करें।**

एसपी सिह ने बताया कि कैमरे न केवल अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी में सहायक होंगे बल्कि यातायात नियंत्रण एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि हम सबकी छोटी-सी जिम्मेदारी पूरे समाज की बढ़ी



सुरक्षा का आधार बन सकती है। अत: नागरिकगण पुलिस प्रशासन को सहयोग करते हुए शहर को सुरक्षित बनाने में साझेदारी करें। उन्होंने पत्रकारों से भी लगातार संवाद और सहयोग करने का आग्रह किया गया है पुलिस का सहयोग करें जिससे आम जनता को परेशानियों का सामना न करना पड़ें। उन्होंने कहा कि मीडिया और पुलिस का आपसी तालमेल अपराध नियंत्रण और जनहित कार्यों के लिए अत्यंत आवश्यक है। नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक ने मैहर की जनता को भरोसा दिलाया कि मैहर की पुलिस व्यवस्था को पारदर्शी और जनहितकारी बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

### पत्रकारों से पुलिस को 70 प्रतिशत जानकारी मिलती है

नवागत पुलिस अधीक्षक एपी सिंह ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि मैहर पत्रकारों से पुलिस को 70 प्रतिशत जानकारी मिलती है। जिले की जिम्मेदारी मेरी है लेकिन कानून-व्यवस्था बनाए रखने में जनता की भी उतनी ही जिम्मेदारी मेरी है। उन्होंने कहा ड्रग्स,गौवंश से जुड़े अपराध और बेटियों को बहलाकर भगा ले जाने वाले मामलों में कड़ी कार्रवाई उनकी पहली प्राथमिकता होगी। एसपी ने व्यापारियों व सर्राफा कारोबारियों से अपील की कि दुकान के अंदर और बाहर दोनों जगह सीसीटीवी कैमरे लगाएं। बैंक के कैमरे भी हमेशा चालू हालत में रहें। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज किसी भी वारदात का जल्द रिजल्ट देने में मददगार साबित होता है।

# डिजिटल एक्सरे मशीन के लिए ट्रांसफार्मर लगाने की प्रक्रिया शुरू

नवभारत न्यूज

**कोठी 18 सितम्बर। क्षेत्र वासियों की विशेष मांग पर अब जल्द ही कोठी में डिजिटल एक्सरे मशीन शुरू होगी। 2 वर्ष पहले क्षेत्र वासियों को मिल यह सौगात मिल चुकी है। लेकिन मशीन के लिए बिजली आपूर्ति के पृथक से ट्रांसफार्मर की आवश्यकता होने के कारण अभी भी अधूरी है जिसके लिए अब जरूरी कदम उठाए जाने लगे हैं।**


काफी समय बीत जाने के बाद अभी तक डिजिटल एक्सरे मशीन शुरू नहीं हो पाने पर क्षेत्र वासियों ने मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी से गुहार लगाई थी जिसके बाद उन्होंने संज्ञान लेते हुए तत्काल चिकित्सा विभाग भोपाल




को डिजिटल एक्सरे मशीन शुरू कराए जाने के लिए ट्रांसफार्मर की आ रही अड़चन को दूर करने के लिए पत्र लिखकर राशि आवंटित किए जाने की मांग की थी इसके बाद विभाग ने पत्र को विशेष रूप से संज्ञान लेते हुए कोठी में डिजिटल एक्सरे मशीन शुरू कराए जाने के लिए ट्रांसफार्मर की राशि स्वीकृत कर दी है जो कोठी के विद्युत विभाग द्वारा एस्टीमेट में बताई गई थी इसके बाद मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एलके तिवारी ने कोठी विद्युत विभाग के जेई को पत्र लिखकर शीघ्र ही ट्रांसफार्मर लगाए जाने के कार्य को प्रारंभ करने के लिए कहा है साथ ही उन्होंने पत्र में यह भी उल्लेख करते हुए कहा है कि ट्रांसफार्मर लगाए जाने के उपरांत भुगतान हेतु देयक प्रस्तुत करें जो की कोठी विद्युत विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर के लिए जरूरी बताए गए एस्टीमेट के अनुसार 238273 रुपए की राशि स्वीकृत है.

जो कार्य पूर्ण होने के उपरांत भुगतान कर दी जाएगी, जिसकी प्रति उन्होंने जिला कलेक्टर महोदय, कोठी बीएमओ को भी भिजवाई है और बीएमओ को भी आवश्यक कार्रवाई हेतु कहा है, अब देखना दिलचस्प है की इस विषय पर कोठी विद्युत विभाग के जेई हेमराज सेन कितनी दिलचस्पी दिखाते हैं और यह कब तक लग पाता है क्योंकि इसके लिए क्षेत्र वासियों ने लंबा इंतजार किया है जो अब अन्य जिम्मेदारों की दिलचस्पी से खत्म हो सकता है क्योंकि मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी ने ट्रांसफार्मर के कार्य में दिलचस्पी दिखाते हुए 2 सितंबर को भोपाल विभाग के लिए पत्र लिखा था और राशि स्वीकृत करवा ली थी इसके बाद राशि स्वीकृत हो जाने की जानकारी एवं उस पर शीघ्र कार्य किए जाने के लिए 10 सितंबर को विद्युत विभाग कोठी को पत्र जारी कर दिया था जिसके बाद एक सप्ताह से अधिक समय गुजर गया।

### इसी माह लग जाएगा ट्रांसफार्मर



जब इस विषय पर हमने विद्युत विभाग के जेई हेमराज सेन से बात की और पूछा कि सर आपको इस विषय पर लेटर प्राप्त हुए एक सप्ताह हो गए हैं ट्रांसफार्मर अभी तक नहीं लगा कब तक लग पाएगा तब उन्होंने बताया कि ट्रांसफार्मर लगाने की पूरी प्रक्रिया 10 से 12 दिन में पूर्ण हो जाएगी और 30 सितंबर के पहले तीन फेस सहित 63 केवीए ट्रांसफार्मर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी में लगाकर कंप्लीट कर दिया जाएगा।

# अग्रसेन जयंती पर नागौद में होंगे 5 दिवसीय कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**नागौद 18 सितम्बर। श्री अग्रसेन महराज जी 5149 वीं जयंती के अवसर पर नागौद में पांच दिवसीय कार्यक्रम होंगे। मीडिया प्रभारी ने बताया कि शुक्रवार 19 सितम्बर को रोचक प्रतियोगितों का आयोजन किया जायेगा।**

20 सितम्बर शनिवार की शाम होंगी आनंद मेला के नाम होगी। जहाँ पर होंगे विभिन्न स्वादिस्ट एवं लाजबाव व्यंजन महिलाओं द्वारा स्वनिर्मित। 21 सितम्बर दिन रविवार का दिन होगा छोटे छोटे बच्चों के नाम उनकी विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ। 22 सितम्बर दिन सोमवार को प्रात: 7.30 पर नगर मे प्रभात फेरी, प्रात: 9.30 बजे प्रतिमा अभिषेक, पूजन एवं हवन, आरती एवं प्रसाद वितरण सायं 6.30 पर एक भव्य शोभा यात्रा रात्रि 9 बजे वयोवृद्ध



सम्मान, पुरस्कार वितरण और स्नेहभोज और पांचवे दिन 23 सितम्बर दिन मंगलवार को होगा गरबा ( डांडिया उत्सव )। एक बेहतरीन और रंगारंग प्रस्तुति और इसी के साथ श्री अग्रसेन जयंती का होगा समापन। ये सभी कार्यक्रम अग्रवाल नवयुवक मण्डल, अग्रवाल महिला मण्डल और अग्रसेन क्लब के सयुंक्त तत्वाधान मे किये जायेंगे। समाज के लोगो से ज्यादा से ज्यादा सहयोग प्रदान करने के अपील की गयी है।

## एक नजर में




### वृक्षारोपण कर मनाया गया राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह का बलिदान दिवस

**रामनगर।** मां दुलारी देवी गोंडी पूनम सेवा समिति के द्वारा ग्राम सिंदूरा तहसील रामनगर जिला मैहर में वृक्षारोपण कर राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह का बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तिरुमल राम किशोर सिंह परस्ते , विशिष्ट अतिथि बृजभूषण सिंह रहे, अध्यक्षता कर रहे फूल सिंह टेकाम काम तथा ग्रामीण विनय सिंह टेकाम, कुशाल सिंह श्याम, राजेश सिंह श्याम, उधो सिंह बडकरी , जय सिंह बढ़कर तथा ढेर सारे ग्रामीण रोग रहे मौजूद तथा संस्था के अध्यक्ष डॉ संजय धुर्वे की मौजूदगी में कार्यक्रम को संपन्न किया गया ।



### उमरा से वापसी पर हुआ भव्य स्वागत

**कोठी ।** अपने जीवन में पहले ही एक बार हज की यात्रा कर चुके कोठी के पार्षद हाजी मोहम्मद इकराम का आज 21 दिन की दूसरी उमरा यात्रा पूर्ण करने के पश्चात ग्रह ग्राम कोठी पहुंचने पर भव्य स्वागत हुआ। अरब देश से तीर्थ यात्रा पूर्ण कर वापस लौटने पर कोठी में समाजसेवियों सहित मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कोठी बस स्टैंड पर फूल माला के साथ भव्य आत्मीय स्वागत किया हाजी मोहम्मद इकराम सभी से गले मिलकर खुशियां बांटी, कोठी बस स्टैंड परिसर से लेकर घर तक वह फूल मालाओं से सजे हुए डीजे व गाजे बाजे एवं के साथ सैकड़ो लोगों के साथ पैदल ही नगर से चलते हुए अपने घर पहुंचे जहां पर लोगों में उत्साह देखते ही बनता था सभी ने मिलकर उनको बधाई दी इस दौरान समाजसेवी यशवंत पांडे , योगेंद्र सिंह राजा ,रघुनाथ सिंह, हेमंत सिंह गुड्डा ,उमेश सिंह पप्पू ,बृजेश गर्ग सोनू रामजी गुप्ता राम प्रकाश शर्मा इसरार,दानिश, कासिम, निसान सहित सैकड़ो की संख्या में समाजसेवियों के साथ-साथ मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद रहे।

### जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिब्यांग राज्य विश्वविद्यालय चित्रकूट में होगा पर्पलफेयर का वृहद आयोजन

**चित्रकूट** 18 सितम्बर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्राल भारत सरकार के दिव्यांग जन सशक्ति करण विभाग के द्वारा जनपद . चित्रकूट में स्थित जगदगुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के प्रांगण में समेकित कौशल विकास पुनर्वास एव दिव्यांग जन सशक्तिकरण केन्द्र सी0 आर 0सी0 लखनऊ के सौजन्य से दिनांक 24 एवं 25 सितम्बर 2025 को 02 दिवसीय पर्पल फेयर का आयोजन कराया जा रहा है। इसके अन्तर्गत विभाग द्वारा दिव्यांग जनों की कलाकृतियो सांस्कृतिक एवं व्यवसायिक सशक्तिकरण हेतु तथा दिव्यांगजनो हेतु नवाचारी एवं गतिविधियों क्रीड़ा सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत-संगीत समावेशीक वि सम्मेलन फूड जोन बुकस्टाल के साथ .साथ राष्ट्रस्तरीय सतत पुनर्वास शिक्षाका आयोजन कराया जा रहा है। इस आयोजन में जनपद चित्रकूट एवं उत्तरप्रदेश राज्य के भिन्न .भिन्न जनपदों के संस्थानों द्वारा प्रदर्शनी लगाई जाएगी एवं देश के भिन्न . भिन्न क्षेत्रों से दिव्यांग जनों के हितार्थ अपनी सेवाएं प्रदान करने वाले विशेषज्ञों एवं हितधारकों द्वारा अवलोकन एवं प्रतिभागिता की जाएगी। कार्यक्रम में पद्मविभूषण जीवन पर्यन्त कुलाधिपति राघवीयो जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी महाराज का ऐतिहासिक आयोजन हेतु आशिर्वाद प्राप्त हुआ है।

# गैर इरादतन हत्या का आरोपी गिरफ्तार

## सात साल से फरार था 7 हजार का ईनामी वारंटी

नवभारत न्यूज

**मैहर 18 सितम्बर । वर्ष 2019 में मैहर थाना अंतर्गत वार्ड नंबर 6 में आरोपी रिंकू चौरसिया पिता कैलाश चौरसिया निवासी बरा मोहल्ला मैहर के द्वारा वाहन चला कर वार्ड के ही रहने वाले व्यक्ति की गैर इरादतन हत्या की थी जिस पर थाना मैहर में अपराध धारा 304 ,427 आईपीसी का अपराध दर्ज किया गया था।**

उक्त अपराध में विगत 7 वर्षों से आरोपी फरार चल रहा था उक्त




आरोपी की निरंतर तलाश की जा रही थी जिसे कल देर रात आरोपी को मैहर पुलिस थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी एवं सहयोगी टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया आरोपी के विरुद्ध ?5000 का इनाम घोषित था आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया जिसे उप जेल मैहर भेजा गया ।

# शासकीय महाविद्यालय मझगवां ने पिंडरा में स्वच्छता रैली निकाली

> वृक्षारोपण भी किया गया

नवभारत न्यूज

**सतना 18 सितम्बर। सेवा पखवाड़ा अभियान के प्रथम दिवस बुधवार को शासकीय महाविद्यालय मझगवां द्वारा एक विशाल स्वच्छता रैली का आयोजन महाविद्यालय द्वारा गोद लिए ग्राम पिंडरा के शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय पिंडरा में किया गया ।**

रैली का उद्देश्य छात्रों और स्थानीय निवासियों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना था रैली में महाविद्यालय की




प्राचार्य श्रीमती शैल कुमारी अहिरवार, कार्यक्रम संयोजक अमित कुमार कश्यप, डॉक्टर साधना शर्मा, डॉक्टर राखी सिंह सोलंकी, भारती जी और विकास शासकीय विद्यालय पिंडरा के प्राचार्य केपी प्रजापति, रावेंद्र प्रसाद पाण्डेय एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया ।

रैली का शुभारंभ शासकीय विद्यालय पिंडरा परिसर से प्रारंभ हुआ और यह ग्राम पिंडरा के मुख्य मार्ग से होते हुए गुजरा इस दौरान प्रतिभागियों ने स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर जैसे नारे लगाए और वृक्षारोपण किया गया।



### कैबिनेट मंत्री से भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने की मुलाकात

**रामपुर बाघेलान।** मध्यप्रदेश शासन के समाजिक न्याय उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के कैबिनेट मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा से बुधवार को भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रहलाद कुशवाहा ने उनके निवास पर मुलाकात कर संगठनात्मक एवं समाजिक चर्चा की इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीत पाण्डेय भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज कुशवाहा भी उपस्थित रहे।

# पत्नी की हत्या के आरोपी को उम्रकैद की सजा

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 18 सितम्बर। घर में मासूम बेटी के साथ सो रही पत्नी को कुल्हाड़ी से काटकर मौत के घाट उतार देने के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने हत्यारोपी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50,000 रुपये अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।**

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अजय सिंह ने बताया कि बीती 24 फरवरी 2021 को तीरमऊ गांव के निवासी शिवशंकर द्विवेदी ने राजापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी के

> मासूम बेटी ने अदालत में दी गवाही

अनुसार उसके बड़े पुत्र ज्ञानबाबू द्विवेदी व बहू ममता देवी के बीच रात में कुछ कहासुनी हुई थी। जिसे परिजनों ने शांत करा दिया था। जिसके बाद ममता अपनी छह वर्षीय इकलौती बेटी चाहत उर्फ दीपांशी के साथ सोने चली गई थी, किन्तु इसके बाद रात्रि में ज्ञानबाबू ने अपनी पत्नी ममता की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी और फरार हो गया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद दूसरे दिन ही 25 फरवरी 2021 को आरोपी ज्ञानबाबू को गिरफ्तार कर लिया था। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। इस मामले में न्यायालय में मृतका की मासूम बेटी ने न्यायालय में गवाही दी थी। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद बुधवार को अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम अनुराग कुरील ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर हत्यारोपी पति ज्ञानबाबू को आजीवन कारावास और 50,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# मां शारदा मंदिर प्रशासक ने मेले की व्यवस्था का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**मैहर 18 सितम्बर। एक अच्छी सोच के साथ कार्य करने वाला शख्स अच्छा की कर सकता है। इसी परिकल्पना को सार्थक रूप देने की नियत से मैहर एसडीएम एवं मंदिर प्रशासक दिव्या पटेल ने इस बार की मेला व्यवस्था को कुछ खास बनाने का सोचा है।**

अपने सेवा भाव को साकार कर मंदिर की सेवा व्यवस्था को समर्पित कर एक अच्छी व्यवस्था को अंजाम देने के लिए प्रयास किया जा रहा है जो स्वागतयोगय है। आगामी नवरात्रि को ध्यान में रखते हुए मंदिर प्रशासक अपने पूरे



दल बल के साथ पूरे मंदिर परिसर का भ्रमण किया जा रहा है साथ ही उचित दिशा निर्देश दिए जाने के साथ इस पर भी गंभीरता से ध्यान दिया जाए कि आने वाले दर्शनार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो इसका पूरा प्रयास किया जा रहा है। इस बार मेले की कमान एक नए नवागत एसडीएम एवं नवागत पुलिस अधीक्षक के हवाले है जिससे उम्मीद की जा रही है इस बार मेले में बेहतर व्यवस्था से दर्शनार्थियों को लाभ मिलेगा।

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत मझगवां में आज लगेगा स्वास्थ्य शिविर

## सेक्टर स्तर पर स्वास्थ्य एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ हुई बैठकें

नवभारत न्यूज

**बरौंधा 18 सितम्बर। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत ब्लाक एवं सेक्टर स्तर पर आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिवरों एवं राष्ट्रीय कृमि नाशक डे पर कृमि नाशक गोली एल्बेंडाजोल खिलाने को लेकर आज दिनांक 18/09/2025 को उप स्वास्थ्य केंद्र झरी एवं पड़री सेक्टर के अंतर्गत आने वाले आंगनवाड़ी केंद्र की कार्यकर्त्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं आशा सहयोगिनी, CHO, ANM, MPW, सेक्टर पर्यवेक्षक सहित क्राई फैलो आनंद मझगवां के साथ बैठकें की गई।**

जिसमें स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत सेक्टर स्तर पर आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिविरों



तथा दिनांक 19/09/025 को मझगवां में लगने वाले स्वास्थ्य शिविर के बारे में चर्चा की गई तथा बताया गया कि इस शिविर में जिला स्तरीय चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम उपस्थित होकर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगे अत: अपने-अपने क्षेत्र के गांवों में जो भी मरीज हैं विशेष कर गर्भवती महिलाएं, छोटे बीमार/कुपोषित बच्चे, मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति या अन्य किसी भी प्रकार से जो भी व्यक्ति बीमारी से ग्रस्त हैं । पीड़ित हैं, उनका स्वास्थ्य जांच, निःशुल्क उपचार एवं परामर्श हेतु अनिवार्य रूप से लेकर आना है।

इसके साथ ही राष्ट्रीय कृमि नाशक डे पर 23 सितंबर को कर्मी नाशक गोली खिलाने सहित अगले दिनों में क्षेत्र स्तर पर आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिविरों जिसमे दिनांक 24/9/25 को उप स्वास्थ्य केंद्र झरी एवं 26/9/25 को पड़री में आयोजित किये जाने की चर्चा हुई इस बैठक में सेक्टर प्रभारी अजीत सिंह, एएनम शकुन्तला सिंह, एमपीडब्ल्यू भइयामन सिंह, सीएचओ भारती, आशा सहयोगिनी रीना शर्मा, ललिता सिंगरौल, आशा कार्यकर्ता जानकी यादव, सुशीला यादव, कुसुम सिंह, उमा, शैल कुमारी, बन्दना तिवारी, विजय लक्ष्मी गुप्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता विमला मवासी, कोमल यादव, आरती श्रीवास्तव, राजकुमारी यादव, अनीता गुप्ता, कुंदन सिंह इत्यादि सहित क्राई फैलो आनंद मझगवां सहित बसन्ती



# भगवान माखन नहीं चित्त चुराते थे

नवभारत न्यूज

**अमदरा 18 सितम्बर। समीपी ग्राम घुनवारा में संगीतमय श्रीमद्र भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।**

कथा वाचक श्री बृजकिंकर बृजवासी श्रीधाम वृंदावन है गुरुवार को 18 सितंबर को कृष्ण बाल लीला को कथा के माध्यम के बताए कि कही कीचड़ कही गोबर में खेलते हैं भगवान माखन नहीं बल्कि चित्त चुराते थे कन्हैया कन्हैया बोले गाय अगर हम चराते हैं तो दूध मक्खन हम ही खाएगे अब दूध मक्खन बाहर नहीं जाएगा।माखन चोरी कृष्ण अपने सखाओं के साथ गोपियों के घरों से माखन चुरा कर खाते थे, जिसके कारण उनकी माँ यशोदा को अक्सर उनकी शिकायतें सुननी पड़ती थीं. गुरुवार को काफी संख्या में भक्ति रस लेने भक्तगण पहुंचे अशोक अग्रवाल शिवकुमार अग्रवाल बालगोविंद अग्रवाल कृष्ण गोपाल अग्रवाल ने अधिक से अधिक संख्या में भक्तों को पहुंचकर भक्ति रस लेने की अपील की हैं।